| | | | |
|---|---|---|---|
| Publication | The Times of India | Language | English |
| Edition | Ahmedabad | Journalist | Bureau |
| Date | 20/03/2023 | Page no | 5 |

# Multi-state coop societies will raise farmers' income: Shah

**Junagadh:** The national-level multi-state cooperative societies recently approved by the Union Cabinet for promotion of organic products and exports, will help increase farmers' income manifold in the next 10 years, Union home and cooperation minister Amit Shah said here on Sunday.



Amit Shah offers prayers at Somnath temple on Sunday

Shah, who was here to inaugurate the Agricultural Produce Market Committee (APMC) 'Kisan Bhavan', also made a strong pitch for the farmers to adopt natural farming, which he said will help increase their income and also protect the soil and environment from the harm caused by chemical fertilisers.

"I assure you that the work started by (Prime Minister Narendra) Modi saheb will not just double but increase the income of every farmer many times in another 10 years. Only two cooperative societies for export and organic products will help increase farmers' income many times," he said.

## PITCHES FOR NATURAL FARMING

He said that PM Modi made an important decision in the cabinet to set up three multi-state cooperative societies, of which two are very useful for the state's farmers. "One will transfer the profits to the farmers directly for the organic produce procured from them," Shah said. Another cooperative society will help the farmers export their produce from any village in the country and serve as an export house with the profit to be transferred directly to farmers' bank accounts.


"For this, in the coming month, I will meet the chairman of district cooperative banks and APMCs in Gujarat to get them registered with cooperative societies. This will make farmers prosperous," said Shah, who also laid the foundation stone of Junagadh district cooperative bank building here. The cabinet had in January this year approved setting up of National Export Society, National Cooperative Society for Organic Products and National Level Multi-state Seed Cooperative Society.

The minister said that the arrangement for testing of land and natural farm products will be set up in each district in the coming five years for the purpose. He said the government has also decided to set up a cooperative society in each of the country's panchayats, which will help reach the Centre's schemes to the farmers. "Cooperatives benefit farmers. The central government's budget does not reach you (farmers) because the cooperative structure is not proper. If the cooperative structure becomes strong, then all the schemes of the central government will start reaching you," he said.

Shah said that the large-scale use of urea has spoiled farm land, and lakhs of farmers have moved towards natural farming. "We will have to move fast towards natural farming and show a way to the world. I assure you that on the basis of scientific data it is established that natural farming does not reduce yield but rather increase it," he said. PTI


Downloaded from SAMVAD

| | | | |
|---|---|---|---|
| Publication | Hindustan Times | Language | English |
| Edition | Mumbai | Journalist | Bureau |
| Date | 20/03/2023 | Page no | 8 |



{ AMIT SHAH } HOME MINISTER AND MINISTER OF COOPERATION

I assure you that the work started by Prime Minister Narendra Modi will not just double but increase the income of every farmer many times in another 10 years. Only two cooperative societies for export and organic products will help increase farmers' income many times.


Downloaded from
SAMVAD

| | | | |
|---|---|---|---|
| Publication | The Pioneer | Language | English |
| Edition | New Delhi | Journalist | Bureau |
| Date | 20/03/2023 | Page no | 4 |

# Govt making every effort for 360-deg development of dairy sector, says Shah

**PIONEER NEWS SERVICE**
NEW DELHI

The Government is making every possible effort for 360-degree development of the high-revenue earning dairy sector to ensure that it's not only the world's largest milk producer, but must also become the biggest dairy exporter.

Union Home and Cooperation Minister Amit Shah's observations made at the Indian Dairy Summit, organised on the third and final day of the Indian Dairy Association's (IDA) 49th Dairy Industry Conference in Gandhinagar come in the backdrop of various schemes launched in the past few years to accelerate the dairy sector which has a huge potential.

Presently, our milk processing capacity is about 126 million liters per day, which is the highest in the world. We process 22 percent of our total milk production, which benefits the farmer in the form of increased income.



Shah was of the opinion that after the formation of 2 lakh primary milk production societies in the country, 33 percent of the world's milk production is likely to happen in India by 2033-34 and that for this the Central and State Governments along with cooperative movement need to work together.

"We have to move forward with the goal that by 2033-34 India should produce 33 percent of the world's milk with about 330 million metric tonnes milk production every year," he said.

"Today India's share in milk production has gone up to 21 percent and the Amul model has contributed a lot to this. ...Our dairy sector has progressed at an annual rate of 6.6 percent in the last decade," he said. Plans are afoot to establish rural dairies in 2 lakh panchayats in the country and then the growth rate of the dairy sector will reach 13.80 percent. Shah said that in the export of dairy products also products like milk powder, butter and ghee have a major share and there is immense potential in this while a Multistate Cooperative Society set up for exports to be linked with these 2 lakh rural dairies, there is a possibility of increasing exports by 5 times.

In fact, to give a push to the diaries in the sector, Shah in 2021 had launched a scheme 'Dairy Sahakar', with an outlay of Rs 5,000 crore, wherein the dairy sector would get loans through National Cooperative Development Corporation (NCDC). Dairy Sahakar is a first ever and the only dairy focused comprehensive framework leveraging different schemes of the Centre.

Shah also pointed out that looking at the dairy scenario of the world, in 1970 India produced about 6 crore litres of milk per day and it was a milk deficient country. But now, he said, that this production has increased to 58 Crore litres per day in 2022 and the dairy sector has played a huge role in it.

He said that from 1970 to 2022 India's population has increased 4 times whereas milk production has increased more than 10 times.


Downloaded from SAMVAD

| | | | |
|---|---|---|---|
| Publication | Millennium Post | Language | English |
| Edition | New Delhi | Journalist | Bureau |
| Date | 20/03/2023 | Page no | 5 |

# National-level cooperative societies on organic farming will help raise farmers' income: Shah

*Union Home Min makes strong pitch for farmers to adopt natural farming, which he said will protect soil, environment from harm caused by chemical fertilisers*

**OUR CORRESPONDENT**

**JUNAGADH:** The national-level multi-state cooperative societies recently approved by the Union Cabinet for promotion of organic products and exports, will help increase farmers' income manifold in the next 10 years, Union Home and Cooperation Minister Amit Shah said here on Sunday.

Shah, who was here to inaugurate the Agricultural Produce Market Committee (APMC) 'Kisan Bhavan', also made a strong pitch for the farmers to adopt natural farming, which he said will help increase their income and also protect the soil and environment from the harm caused by chemical fertilisers.

"I assure you that the work started by (Prime Minister Narendra) Modi saheb will not just double but increase the income of every farmer many times in another 10 years. Only two cooperative societies for export and organic products will help increase farmers' income many times," he said.



Union Minister of Home Affairs Amit Shah being garlanded during the foundation stone laying ceremony of Junagadh District Cooperative Bank Headquarters, in Junagadh, on Sunday PTI

He said that PM Modi made an important decision in the Cabinet to set up three multi-state cooperative societies, of which two are very useful for the state's farmers.

"One will transfer the profits to the farmers directly for the organic produce procured from them," Shah said.

Another cooperative society will help the farmers export their produce from any village in the country and serve as an export house with the profit to be transferred directly to farmers' bank accounts.

"For this, in the coming month, I will meet the chairman of district cooperative banks and APMCs in Gujarat to get them registered with cooperative societies. This will make farmers prosperous," said Shah, who also laid the foundation stone of Junagadh district cooperative bank building here. The Cabinet had in January this year approved setting up of National Export Society, National Cooperative Society for Organic Products and National Level Multi-state Seed Cooperative Society. The minister said that the arrangement for testing of land and natural farm products will be set up in each district in the coming five years for the purpose.


Downloaded from SAMVAD

| | | | |
|---|---|---|---|
| Publication | The Morning Standard | Language | English |
| Edition | New Delhi | Journalist | Dilip Singh Kshatriya |
| Date | 20/03/2023 | Page no | 8 |

# Shah: Co-operatives on organic farming will raise farmers' income

DILIP SINGH KSHATRIYA
@ Ahmedabad



Union Home and Cooperation Minister Amit Shah said on Sunday that the national-level cooperative societies, recently approved by the Union Cabinet for the promotion of organic products and exports, will help improve farmers' income significantly in 10 years.

Shah also pushed farmers to switch to natural farming, saying doing so would enhance their income and safeguard the environment from the harm that chemical fertilizers inflict on the land.

The minister inaugurated the Agricultural Produce Market Committee (APMC) 'Kisan Bhavan' in Junagadh and laid the foundation stone for the Junagadh District Bank Headquarters.

In his address, Shah said the work begun by (Prime Minister Narendra) Modi will not only double but many times increase the income of every farmer in the next 10 years. He stated that Prime Minister Modi has made an important cabinet decision to establish three multi-state cooperative societies, two of which are extremely beneficial to the state's farmers.

"Another cooperative group will assist the farmers in exporting their goods from any hamlet in the nation and act as an export house, transferring the profits right into the bank accounts of the farmers. I will meet with the heads of Gujarat's district cooperative banks and APMCs to arrange their registration with cooperative societies," Shah said.

Shah also cautioned farmers not to use chemical urea. It has ruined farmland.


Downloaded from SAMVAD

| | | | |
|---|---|---|---|
| Publication | The Hindu Business Line | Language | English |
| Edition | New Delhi | Journalist | Bureau |
| Date | 20/03/2023 | Page no | 3 |

# 'India to contribute 33% to world milk output by 2033-34'

**Our Bureau**
Gandhinagar

Driven by village-level milk co-operative societies, India's annual milk production will touch 330 million tonnes and contribute 33 per cent to the global milk output by 2033-34, said Minister for Home and Co-operation Amit Shah.

Addressing the Indian Dairy Association (IDA)'s 49th Dairy Industry Conference & Expo at Gandhinagar, Shah said the Ministry of Co-operation, jointly with the National Dairy Development Board (NDDB) and the Department of Animal Husbandry will set up Gramin Dairies (or primary milk producers' society) across two lakh panchayats in the country.



Minister for Home and Co-operation Amit Shah addressing the Indian Dairy Association's 49th dairy industry conference

**DAIRY STATS**

"Once this happens, the Indian dairy sector's annual growth rate will jump from 6.6 per cent recorded in the past decade, to 13.80 per cent," he said.

He further said, "Our milk processing capacity is around 126 million litres per day, highest in the world. About 22 per cent of the total milk produced goes for processing. Whatever milk is processed and exported, will help increase farmers' incomes. There is an immense potential in dairy products exports such as milk powder, butter and ghee. We have created a multi-state co-operative society for exports. Once the integration of 2 lakh dairy societies with export co-operative happens, our exports will increase at least five-fold," he said. Currently, India's dairy exports are estimated at around ₹47,000 crore.

He also noted that between 1970 and 2022, India's population has increased four-fold, but milk production has increased by 10 times. During the same period, India's per capita milk consumption has increased from 107 grams per day to 427 grams, which is far ahead of the global average of 322 grams per day. "We must also strive to become the world's biggest dairy exporter," the Minister said.

Shah added that India's dairy co-operatives provided a platform to the rural poor and women for marketing their milk produce. "There are about 9 crore families directly connected to the dairy sector. This means 45 crore people who are connected with this profession," said Shah.

RS Sodhi, President, IDA, requested Shah to consider giving due importance to the dairy sector in the Budget allocations. "Dairy sector contributes about 30 per cent to the agriculture economy. Whereas budgetary allocations for dairy is only 2 per cent."

IDA's conference, being held in Gujarat after 27 years, also saw prestigious awards including the Dr Kurien Award, IDA Patron Award and IDA Fellowship Awards, conferred to candidates.


Downloaded from SAMVAD

| | | | |
|---|---|---|---|
| Publication | Amar Ujala | Language | Hindi |
| Edition | New Delhi | Journalist | Bureau |
| Date | 20/03/2023 | Page no | 1, 11 |



शाह बोले

प्रधानमंत्री के फैसले किसानों की आय कई गुना बढ़ाएंगे...11



Downloaded from
SAMVAD

# पीएम के फैसले किसानों की आय कई गुना बढ़ाएंगे : शाह

## गृह एवं सहकारिता मंत्री ने प्राकृतिक खेती अपनाने की दी सलाह

**जूनागढ़।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि जैविक उत्पादों एवं निर्यात को बढ़ावा देने के लिए हाल में केंद्रीय मंत्रिमंडल से अनुमोदित राष्ट्रीय स्तर की बहुराज्य सहकारी समितियां आने वाले 10 साल में किसानों की आय को कई गुना बढ़ाने में मददगार साबित होंगी। कृषि उपज बाजार समिति (एपीएमसी) के किसान भवन का उद्घाटन करने पहुंचे शाह ने किसानों को प्राकृतिक खेती अपनाने की भी जोरदार वकालत की।

शाह ने कहा कि इससे मिट्टी और पर्यावरण को भी रासायनिक खाद से होने वाले नुकसान से बचाया जा सकेगा। उन्होंने कहा, मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि पीएम मोदी के शुरू किए गए काम अगले 10 वर्षों में किसानों की आय को न केवल दोगुना, बल्कि कई गुना बढ़ाएंगे। शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने कैबिनेट में तीन बहुराज्य सहकारी समितियों की स्थापना का अहम फैसला किया, जिनमें से दो समितियां राज्य के किसानों के लिए बहुत उपयोगी हैं। उन्होंने कहा, एक सहकारी समिति, किसानों से खरीदे गए जैविक उत्पादों के मुनाफे को सीधे उन्हें हस्तांतरित करेगी। शाह ने कहा कि एक अन्य सहकारी समिति किसानों को देश के किसी भी गांव से अपनी उपज निर्यात करने में मदद करेगी और लाभ सीधे किसानों के बैंक खातों में स्थानांतरित करने के साथ एक निर्यात घर के रूप में काम करेगी। एजेंसी



सोमनाथ मंदिर में परिवार के साथ पूजन करते शाह।

### हर पंचायत में होगी सहकारी समिति

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि सरकार ने देश की प्रत्येक पंचायत में एक सहकारी समिति स्थापित करने का भी निर्णय लिया है, जो केंद्र की योजनाओं को किसानों तक पहुंचाने में मदद करेगी। उन्होंने कहा, सहकारिता से किसानों को फायदा होता है। केंद्र सरकार का बजट आप (किसानों) तक नहीं पहुंचता क्योंकि सहकारी ढांचा सही नहीं है। अगर सहकारी ढांचा मजबूत होगा तो केंद्र सरकार की सभी योजनाएं आप तक पहुंचने लगेंगी।


Downloaded from SAMVAD

| | | | |
|---|---|---|---|
| Publication | Dainik Bhaskar | Language | Hindi |
| Edition | New Delhi | Journalist | Bureau |
| Date | 20/03/2023 | Page no | 6 |

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह जूनागढ़ में

# अब प्राकृतिक कृषि बाजार बनेगा जैविक खेती को मिलेगा बढ़ावा

भास्कर न्यूज | जूनागढ़



जूनागढ़ जिले में जैविक खेती करने वालों सहित किसानों को सौगात मिली है। सक्करबाग के पास सौराष्ट्र सिलिकेट नामक स्थल पर 3764 वर्ग मीटर में प्राकृतिक कृषि बाजार बनाया जाएगा। यहां जैविक खेती करने वाले किसानों को प्राकृतिक तरीके से उत्पादित कृषि उपज को बेचने के लिए एक मंच मिलेगा। इससे प्राकृतिक खेती को भी बढ़ावा मिलेगा।

शहर के जंजारडा रोड पर भिंडी ज्वेलर्स के पीछे परिसर में जूनागढ़ जिला सहकारी बैंक लिमिटेड 9.85 करोड़ रुपये की लागत से उन्नत सुविधाओं से निर्मित चार मंजिला भवन का शिलान्यास केंद्रीय मंत्री ने किया। इस भवन में खाता, ऋण शाखा, एटीएम, 500 लोगों के बैठने की क्षमता वाले ऑडिटोरियम सहित अधोसंरचना युक्त भवन का निर्माण किया जाएगा।

केन्द्रीय मंत्री के लोक कल्याणकारी कार्यों के लोकार्पण-भूमिपूजन समारोह के साथ प्राकृतिक कृषि शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 20,000 किसान उपस्थित थे और विशेषज्ञों द्वारा प्राकृतिक कृषि मार्गदर्शन दिया गया।


Downloaded from
SAMVAD

| | | | |
|---|---|---|---|
| Publication | Dainik Jagran | Language | Hindi |
| Edition | New Delhi | Journalist | PTI |
| Date | 20/03/2023 | Page no | 8 |

# बहु राज्य सहकारी समितियां किसानों की आय को कई गुना बढ़ाने में होंगी मददगार : शाह

- गृह मंत्री ने की प्राकृतिक खेती को अपनाने की वकालत
- कहा- सहकारी समितियां किसानों की आय वृद्धि करने में मदद करेंगी

**जूनागढ़, प्रेट्र :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि जैविक उत्पादों एवं निर्यात को बढ़ावा देने के लिए हाल में केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा अनुमोदित राष्ट्रीय स्तर की बहु राज्य सहकारी समितियां अगले 10 वर्षों में किसानों की आय को कई गुना बढ़ाने में मददगार साबित होंगी।

कृषि उपज बाजार समिति के किसान भवन का उद्घाटन करने पहुंचे शाह ने किसानों द्वारा प्राकृतिक खेती अपनाने की भी वकालत की। उन्होंने कहा कि मैं विश्वास दिलाता हूं कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुरू किया गया काम अगले 10 वर्षों में किसानों की आय को न केवल दोगुना करेगा, बल्कि कई गुना बढ़ाएगा। निर्यात एवं जैविक उत्पादों की केवल दो सहकारी समितियां किसानों की आय में कई गुना वृद्धि करने में मदद करेंगी।

गृह मंत्री ने कहा कि पीएम मोदी ने कैबिनेट में तीन बहु-राज्य सहकारी समितियों की स्थापना का महत्वपूर्ण फैसला किया, जिनमें से दो समितियां राज्य के किसानों के लिए बहुत उपयोगी हैं। उन्होंने कहा कि एक सहकारी समिति किसानों से खरीदे गए जैविक उत्पादों के मुनाफे को सीधे उन्हें हस्तांतरित करेगी।



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को गिर सोमनाथ में अपने स्वजन के साथ रविवार को सोमनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना की • प्रेट्र



Downloaded from SAMVAD

| | | | |
|---|---|---|---|
| Publication | Hindustan | Language | Hindi |
| Edition | New Delhi | Journalist | Bureau |
| Date | 20/03/2023 | Page no | 1, 11 |

# अमित शाह बोले, सहकारी समितियां किसानों की आय बढ़ाने में मददगार

P-11



Internal (for authorised circulation only)

Downloaded from
SAMVAD

# 'किसानों की आय बढ़ाने में सहकारी समितियां कारगर'

**जूनागढ़, एजेंसी।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि राष्ट्रीय स्तर की बहु-राज्य सहकारी समितियां अगले 10 वर्षों में किसानों की आय को कई गुना बढ़ाने में मददगार साबित होंगी। समितियां जैविक उत्पादों एवं निर्यात को बढ़ावा देने के लिए हाल में केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा अनुमोदित की गई हैं।

कृषि उपज बाजार समिति (एपीएमसी) के किसान भवन का उद्घाटन करने पहुंचे शाह ने किसानों द्वारा प्राकृतिक खेती अपनाने की भी जोरदार वकालत की। उन्होंने कहा कि इससे उनकी आय बढ़ाने में मदद मिलेगी तथा मिट्टी और पर्यावरण को भी रासायनिक खाद से होने वाले नुकसान से बचाया जा सकेगा। उन्होंने कहा, आपको विश्वास दिलाता हूं कि प्रधानमंत्री मोदी द्वारा शुरू किया गया काम अगले 10 वर्षों में किसानों की आय को न केवल दोगुना करेगा, बल्कि कई गुना बढ़ाएगा। निर्यात एवं जैविक उत्पादों की केवल दो सहकारी समितियां किसानों की आय में कई गुना वृद्धि करने में मदद करेंगी।



■ शाह ने कृषि बाजार समिति भवन का उद्घाटन किया


Downloaded from SAMVAD

| | | | |
|---|---|---|---|
| Publication | Jansatta | Language | Hindi |
| Edition | New Delhi | Journalist | Bureau |
| Date | 20/03/2023 | Page no | 10 |

# किसानों की आय बढ़ाने में मददगार होंगी सहकारी समितियां : शाह

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 19 मार्च।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने रविवार को जूनागढ़ में कहा कि जैविक उत्पादों एवं निर्यात को बढ़ावा देने के लिए हाल में केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा अनुमोदित राष्ट्रीय स्तर की बहु-राज्य सहकारी समितियां किसानों की आय को कई गुना बढ़ाने में मददगार साबित होंगी।

कृषि उपज बाजार समिति (एपीएमसी) के 'किसान भवन' का उद्घाटन करने पहुंचे शाह ने किसानों द्वारा प्राकृतिक खेती अपनाने की वकालत की और कहा कि इससे उनकी आय बढ़ाने में मदद मिलेगी व मिट्टी और पर्यावरण को भी रासायनिक खाद से होने वाले नुकसान से बचाया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि प्रधानमंत्री द्वारा शुरू किया गया काम 10 सालों में किसानों की आय को न केवल दोगुना करेगा, बल्कि कई गुना बढ़ाएगा। निर्यात एवं जैविक उत्पादों की केवल दो सहकारी समितियां किसानों की आय में कई गुना वृद्धि करने में मदद करेंगी। शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री ने कैबिनेट में तीन बहु-राज्य सहकारी समितियों की स्थापना का अहम फैसला किया, जिनमें से दो समितियां राज्य के किसानों के लिए बहुत उपयोगी हैं। उन्होंने कहा कि एक सहकारी समिति, किसानों से खरीदे गए जैविक उत्पादों के मुनाफे को सीधे उन्हें हस्तांतरित करेगी।



Downloaded from SAMVAD

| | | | |
|---|---|---|---|
| Publication | Punjab Kesri | Language | Hindi |
| Edition | New Delhi | Journalist | Bureau |
| Date | 20/03/2023 | Page no | 8 |

# सहकारी समितियां किसानों की आय बढ़ाने में मददगार होंगी : शाह

- प्रधानमंत्री के प्रयास अगले 10 वर्षों में किसानों की आय को न केवल दोगुना करेगा, बल्कि कई गुना बढ़ाएगा,

**किसानों से प्राकृतिक खेती अपनाने को भी कहा**



**जूनागढ़, (पंजाब केसरी):** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने रविवार को यहां कहा कि जैविक उत्पादों एवं निर्यात को बढ़ावा देने के लिए हाल में केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा अनुमोदित राष्ट्रीय स्तर की बहु-राज्य सहकारी समितियां अगले 10 वर्षों में किसानों की आय को कई गुना बढ़ाने में मददगार साबित होंगी।

कृषि उपज बाजार समिति (एपीएमसी) के 'किसान भवन' का उद्घाटन करने पहुंचे शाह ने किसानों द्वारा प्राकृतिक खेती अपनाने की भी जोरदार वकालत की और कहा कि इससे उनकी आय बढ़ाने में मदद मिलेगी तथा मिट्टी और पर्यावरण को भी रासायनिक खाद से होने वाले नुकसान से बचाया जा सकेगा। उन्होंने कहा, 'मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि (प्रधानमंत्री नरेंद्र) मोदी साहब द्वारा शुरू किया गया काम अगले 10 वर्षों में किसानों की आय को न केवल दोगुना करेगा, बल्कि कई गुना बढ़ाएगा। निर्यात एवं जैविक उत्पादों की केवल दो सहकारी समितियां किसानों की आय में कई गुना वृद्धि करने में मदद करेंगी।'

शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने कैबिनेट में तीन बहु-राज्य सहकारी समितियों की स्थापना का अहम फैसला किया, जिनमें से दो समितियां राज्य के किसानों के लिए बहुत उपयोगी हैं। उन्होंने कहा, 'एक सहकारी समिति, किसानों से खरीदे गए जैविक उत्पादों के मुनाफे को सीधे उन्हें हस्तांतरित करेगी।'

जूनागढ़ जिला सहकारी बैंक भवन का शिलान्यास करने के बाद शाह ने कहा कि एक अन्य सहकारी समिति किसानों को देश के किसी भी गांव से अपनी उपज निर्यात करने में मदद करेगी।

उल्लेखनीय है कि कैबिनेट ने इस साल जनवरी में राष्ट्रीय निर्यात समिति, जैविक उत्पाद राष्ट्रीय सहकारी समिति और राष्ट्रीय बहु-राज्य बीज सहकारी समिति की स्थापना को मंजूरी दी थी।


Downloaded from SAMVAD

| | | | |
|---|---|---|---|
| Publication | Deshbandhu | Language | Hindi |
| Edition | Raipur | Journalist | |
| Date | 20/03/2023 | Page no | 2 |

# सहकारिता से ही किसानों को कई प्रकार के लाभ संभव : शाह

## जूनागढ़ में किया एपीएमसी किसान भवन का उद्घाटन

**जूनागढ़,** 19 मार्च (एजेंसियां)। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने रविवार को गुजरात के जूनागढ़ में जिला बैंक मुख्यालय का शिलान्यास और कृषि शिविर में एपीएमसी किसान भवन का उद्घाटन किया। शाह ने अपने संबोधन में इस अवसर पर कहा कि कई उतार-चढ़ाव के बाद जूनागढ़ जिला सहकारी बैंक का यह वर्तमान स्वरूप सामने आया है। शाह ने कहा कि सहकारिता से ही किसानों को कई प्रकार के लाभ मिल सकते हैं। उन्होंने कहा कि जो किसान प्राकृतिक खेती में लगे हैं, उन्हें अपनी पैदावार के अच्छे दाम मिलेंगे। देश आजाद होने के बाद से लगातार अलग सहकारिता मंत्रालय की मांग उठती रही और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के सहकारिता क्षेत्र से जुड़े लोगों की इस मांग को पूरा करते हुए सहकारिता मंत्रालय का गठन किया। केंद्रीय मंत्री ने कहा, सहकारिता मंत्रालय के गठन के बाद मोदी ने सहकारिता को आगे बढ़ाने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं। प्राकृतिक खेती आने वाले दिनों में धरती माता की सेवा करने का एकमात्र विकल्प बनेगा क्योंकि लगातार डीएपी और यूरिया का उपयोग होने से 25 सालों बाद यह



धरती कंक्रीट जैसी हो जाएगी। केंचुए जैसे पॉजिटिव बैक्टीरिया को डीएपी और यूरिया खत्म कर देते हैं और जिनके खेत में पॉजिटिव बैक्टीरिया होते हैं, उनके खेत में कभी जीवाश्म की समस्या नहीं आती, किसी भी प्रकार के इनसेक्ट नहीं आते और किसी भी प्रकार के कीटनाशक के छिड़काव की जरूरत नहीं होती है।

शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री ने पूरे देश में प्राकृतिक खेती को आगे बढ़ाने का अभियान चलाया है। उनके नेतृत्व में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने हाल ही में एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए तीन राष्ट्रीय स्तर की बहुराज्यीय कोऑपरेटिव सोसायटी की स्थापना की है। इन तीन सोसायटी में से दो गुजरात के किसानों के लिए बहुत उपयोगी है।

### प्राकृतिक कृषि को अपना रहे अब लाखों किसान

शाह ने कहा कि हमारे पूर्वज खेती जानते थे। लेकिन हम समझे कि यूरिया डालने से फसल बढ़ती है और ऐसा करने से हमारी धरती दूषित हो गई। अब लाखों किसान प्राकृतिक कृषि को अपना रहे हैं और उन्हें इसका फायदा भी मिल रहा है। प्राकृतिक कृषि करने से पैदावार बढ़ती है, वर्षा जल का संचय होता है, पेस्टीसाइड का उपयोग नहीं करना पड़ता और उत्पादन भी बढ़ता है, जिसके दाम भी बाजार में अच्छे मिलते हैं।


Downloaded from SAMVAD

| | | | |
|---|---|---|---|
| Publication | Pioneer | Language | Hindi |
| Edition | Raipur | Journalist | |
| Date | 20/03/2023 | Page no | 1 |

# पीएम मोदी ने सहकारिता को आगे बढ़ाने महत्वपूर्ण निर्णय लिए : शाह

एजेंसी < जूनागढ़
www.dailypioneer.com



एपीएमसी किसान भवन का उद्घाटन

केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने रविवार को गुजरात के जूनागढ़ में ज़िला बैंक मुख्यालय का शिलान्यास और कृषि शिविर में एपएमसी किसान भवन का उद्घाटन किया। शाह ने अपने संबोधन में इस अवसर पर कहा कि कई उतार-चढ़ाव के बाद जूनागढ़ जिला सहकारी बैंक का यह वर्तमान स्वरूप सामने आया है। जो किसान प्राकृतिक खेती में लगे हैं, उन्हें अपनी पैदावार के अच्छे दाम मिलेंगे। देश आज़ाद होने के बाद से लगातार अलग सहकारिता मंत्रालय की मांग उठती रही और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के सहकारिता क्षेत्र से जुड़े लोगों की इस मांग को पूरा करते हुए सहकारिता मंत्रालय का गठन किया। केन्द्रीय मंत्री ने कहा, सहकारिता मंत्रालय के गठन के बाद मोदी ने सहकारिता को आगे बढ़ाने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं। प्राकृतिक खेती आने वाले दिनों में धरती माता की सेवा करने का एकमात्र विकल्प बचेगा क्योंकि लगातार डीएपी और यूरिया का उपयोग होने से 25 सालों बाद यह धरती कंक्रीट जैसी हो जाएगी। केंचुए जैसे पॉज़िटिव बैक्टीरिया को डीएपी और यूरिया खत्म कर देते हैं और जिनके खेत में पॉजिटिव बैक्टिरिया होते हैं, उनके खेत में कभी जीवाश्म की समस्या नहीं आती, किसी भी प्रकार के इनसेक्ट नहीं आते और किसी भी प्रकार के कीटनाशक के छिड़काव की जरूरत नहीं होती है। उन्होंने कहा, हमारे पूर्वज खेती जानते थे। लेकिन हम समझे कि यूरिया डालने से फसल बढ़ती है और ऐसा करने से हमारी धरती दूषित हो गई। अब लाखों किसान प्राकृतिक कृषि को अपना रहे हैं और उन्हें इसका फायदा भी मिल रहा है। प्राकृतिक कृषि करने से पैदावार बढ़ती है, वर्षा जल का संचय होता है, पेस्टीसाइड का उपयोग नहीं करना पड़ता और उत्पादन भी बढ़ता है, जिसके दाम भी बाज़ार में अच्छे मिलते हैं।शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री ने पूरे देश में प्राकृतिक खेती को आगे बढ़ाने का अभियान चलाया है। उनके नेतृत्व में केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने हाल ही में एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए तीन राष्ट्रीय स्तर की बहुराज्यीय कोऑपरेटिव सोसायटी की स्थापना की है। इन तीन सोसायटी में से दो गुजरात के किसानों के लिए बहुत उपयोगी है। इनमें से एक सोसायटी के तहत प्राकृतिक कृषि करने वाले सभी किसानों के उत्पाद अमूल के पेटेंट के अंतर्गत लिए जाएंगे और उसका मुनाफा सीधा किसान के बैंक खाते में ट्रांसफर हो जाएगा। शाह ने कहा, इस व्यवस्था के पूर्ण रूप से लागू होने के बाद हम अपनी भूमि को यूरिया और डीएपी के उपयोग से और अपने शरीर को इनके उपयोग से होने वाली कैंसर जैसी बीमारियों से बचा पाएंगे, जलस्तर ऊपर आएगा और पर्यावरण भी बचेगा। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित सभी किसान भाइयों और बहनों से आग्रह किया कि वे प्राकृतिक खेती करने वाले किसानों से मुलाकात करें और इसे अपनाएं। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि केन्द्र की नरेन्द्र मोदी सरकार ने फसल उत्पाद के निर्यात के लिए भी एक कोऑपरेटिव सोसायटी की व्यवस्था की है और इसके माध्यम से देश के किसी भी किसान के उत्पाद के निर्यात के लिए ये सोसायटी निर्यात भवन की तरह सेवा देगी और इसका लाभ सीधा किसान के बैंक खाते में आ जाएगा। इस व्यवस्था के लागू होने से किसानों की समृद्धि बढ़ेगी और इसके साथ ही ये तय किया गया है कि देश की हर पंचायत में कोऑपरेटिव सेवा सहकारी मंडली बनाई जाएगी। सेवा सहकारी मंडली, डेयरी और मत्स्य उत्पादन मंडली तीनों एक ही प्रकार की सोसायटी के रूप में रजिस्टर्ड हों, इस प्रकार की व्यवस्था की गई है। शाह ने कहा, सहकारिता से ही किसानों को कई प्रकार के लाभ मिल सकते हैं।


Downloaded from
SAMVAD


| | | | |
|---|---|---|---|
| Publication | Samvet Shikhar | Language | Hindi |
| Edition | Raipur | Journalist | |
| Date | 20/03/2023 | Page no | 1 |

# जैविक खेती और निर्यात पर राष्ट्रीय स्तर की सहकारी समितियां किसानों की आय बढ़ाने में करेंगी मदद : अमित शाह

जूनागढ़ (ए)। केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह गुजरात के जूनागढ़ में हैं। इस दौरान उन्होंने रविवार को कहा कि जैविक उत्पादों और निर्यात को बढ़ावा देने के लिए हाल ही में केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा अनुमोदित राष्ट्रीय स्तर की बहु-राज्य सहकारी समितियां किसानों की आय को कई गुना बढ़ाने में मदद करेंगी।

अमित शाह यहां कृषि उपज बाजार समिति किसान भवन का उद्घाटन करने के लिए पहुंचे हैं। इस दौरान उन्होंने किसानों को प्राकृतिक खेती अपनाने की बात कही। उन्होंने कहा कि इससे उनकी आय बढ़ेगी। साथ ही मिट्टी और पर्यावरण को नुकसान से भी बचाया जा सकेगा, जो रासायनिक उर्वरकों के कारण होता है।

उन्होंने कहा कि मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि (प्रधानमंत्री नरेंद्र) मोदी साहब ने जो काम शुरू किया है, वह अगले 10 साल में हर किसान की आय को दोगुना ही नहीं बल्कि कई गुना बढ़ा देगा। निर्यात और जैविक उत्पादों के लिए केवल दो सहकारी समितियां किसानों की आय को कई गुना बढ़ाने में मदद करेंगी। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने कैबिनेट में तीन बहु-राज्य सहकारी समितियों की स्थापना का



अहम फैसला किया, जिनमें से दो राज्य के किसानों के लिए ये फैसला बहुत उपयोगी है। अमित शाह ने कहा कि किसानों से खरीदे गए जैविक उत्पादों के मुनाफे को सीधे किसानों को हस्तांतरित किया जाएगा। एक अन्य सहकारी समिति किसानों को देश के किसी भी गांव से उनकी उपज निर्यात करने में मदद करेगी और लाभ सीधे किसानों के बैंक खातों में स्थानांतरित होगा।

शाह ने कहा कि इसके लिए मैं आने वाले महीने में गुजरात में जिला सहकारी बैंकों और [illegible] के अध्यक्ष से मिलूंगा और उन्हें सहकारी समितियों में पंजीकृत करवाऊंगा। इससे किसान समृद्ध होंगे। उन्होंने यहां जूनागढ़ जिला सहकारी बैंक भवन का शिलान्यास भी किया। कैबिनेट ने इस साल जनवरी में नेशनल एक्सपोर्ट सोसाइटी, नेशनल कोऑपरेटिव फॉर ऑर्गेनिक प्रोडक्ट्स और नेशनल लेवल मल्टी-स्टेट सीड कोऑपरेटिव सोसाइटी की स्थापना को मंजूरी दी थी।

## आरएसएस प्रमुख भागवत ने किसानों को दिया गौ-आधारित खेती का संदेश

नई दिल्ली। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने किसानों को गौ-आधारित खेती अपनाने की सलाह देते हुए रविवार को कहा कि खेती के तौर-तरीकों में परिवर्तन देश के लिये ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया के लिये जरूरी है। भागवत ने भारतीय किसान संघ द्वारा हस्तिनापुर में आयोजित तीन दिवसीय गौ-आधारित जैविक कृषि कृषक सम्मेलन कार्यक्रम में किसानों को सम्बोधित करते हुए कहा, गौ आधारित खेती प्रकृति के चक्र को नहीं बिगाड़ती है। हमारे किसान परेशान हैं। उनकी सारी मांगें पूरी भी नहीं हो सकती हैं इसलिए खेती की लागत को कम करना पड़ेगा।



*********